शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

संख्या- 74/2017/1918/33-3-2017-30/2017 टी.सी.।।

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

2- समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।

3- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांक 28 अगस्त, 2017**

विषयः-प्रदेश के एई/जेई प्रभावित जनपदों में इन्सेफलाइटिस से पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर शौचालय आवंटित करते हुए निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 09.08.2017 को जनपद-गोरखपुर भ्रमण के दौरान बी.आर.डी. मेडिकल कालेज के निरीक्षण के समय प्रदेश के एई/जेई प्रभावित जनपदों में इन्सेफलाइटिस से पीड़ित परिवारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर शौचालय आवंटित करते हुए निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए गए।

2- आप अवगत हैं कि एई/जेई प्रभावित जनपदों में इन्सेफलाइटिस बीमारी फैलने का मुख्य कारण गन्दगी,स्वच्छता का अभाव एवं शौचालयों की अनुपब्धता है। गंदगी के कारण मच्छर पनपते हैं जो इन्सेफलाइटिस जैसी वेक्टर जनित बीमारी के वाहक होते हैं। गंदगी के कारण यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती है। अतः आवश्यक है कि इस प्राणघातक बीमारी की रोकथाम के लिए इन्सेफलाइटिस प्रभावित जनपदों में शौचालयों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।

अतः कृपया इन्सेफलाइटिस प्रभावित जनपदों के पीड़ित परिवारों की सूची जिला पंचायतराज अधिकारी संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारियों से प्राप्त करके उनको प्राथमिकता के आधार पर शौचालय आवंटित करते हुए उसका निर्माण कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

<u>संख्या व दिनांक:- तदैव।</u>

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।

2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

4. निदेशक, पंचायतीराज/मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।

5. समस्त उप निदेशक(पं0) उ0प्र0।

6. अपर मुख्य अधिकारी, समस्त जिला पंचायतें, उ0प्र0।

7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र बहादुर सिंह)

विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in